Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding not to close railway crossing until the construction of railway underpass or railway over bridge in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के जलालपुर, सासामुसा, माझा एवं सिधवलिया स्टेशनों के पास रेलवे क्रॉसिंग यानी ढाला को पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों द्वारा बन्द किया जा रहा है । ढाला बन्द होने से हमारे क्षेत्र के स्कूली बच्चों को, आपातकाल में मरीजों को, व्यापारियों एवं ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, क्योंकि जो दूरी कुछ मिनटों में तय हो सकती है, उसके लिए कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है ।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के जलालपुर, सासामुसा, माझा एवं सिधवलिया स्टेशनों के पास जब तक रेलवे के द्वारा अंडरपास या आरओबी का निर्माण न कर लिया जाए या कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था न कर ली जाए, तब तक रेलवे क्रॉसिंग को बन्द नहीं करने के लिए रेलवे के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए । धन्यवाद ।